सोमवार आकाशवाणी, पटना 15/09/2025

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री– बिहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्णिया से छत्तीस हज़ार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री नवनिर्मित हवाई अड्डे के टर्मिनल का लोकार्पण करेंगे। इससे इस क्षेत्र की हवाई संपर्क की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। श्री मोदी राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का भी उद्घाटन करेंगे। बोर्ड की स्थापना की घोषणा इस वर्ष के केंद्रीय बजट में की गई थी। श्री मोदी सीमांचल के अररिया और किशनगंज जिलों को जोड़ने वाली अररिया और गलगलिया के बीच चार हज़ार चार सौ दस करोड़ रुपये की नई रेल लाइन का लोकार्पण करेंगे। अररिया–गलगलिया खंड पर रेलगाड़ियों के संचालन से पूर्वोत्तर बिहार में संपर्क सुविधा में सुधार होगा।

प्रधानमंत्री जोगबनी और दानापुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे अररिया, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली और पटना सहित कई जिले लाभान्वित होंगे। श्री मोदी सहरसा–छेहरटा और जोगबनी–इरोड के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मोदी पीएम आवास योजना– ग्रामीण के अंतर्गत पैंतीस हज़ार लाभार्थियों का गृह प्रवेश करवायेंगे। इस अवसर पर पीएम आवास योजना– शहरी के अंतर्गत लगभग साठ हज़ार लाभार्थियों को घरों की चाभी सौंपी जाएंगी।

सर्वोच्च न्यायालय –वक्फ शीघ्र

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके अनुसार किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के लिए पाँच साल तक इस्लाम का पालन करना आवश्यक है। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य सरकार इस शर्त के निर्धारण के संबंध में कोई समुचित नियम नहीं बना लेती है। साथ ही सरकार के नामित अधिकारी को यह मुद्दा तय करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर भी रोक लगा दी गई कि किसी वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया है या नहीं। वक्फ बोर्ड में गैर–मुस्लिम सदस्यों के नामांकन की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक नहीं लगाई गई है। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि जहाँ तक संभव हो, बोर्ड का पदेन सदस्य मुस्लिम व्यक्ति होना चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि केंद्रीय वक्फ परिषद में चार से अधिक गैर–मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे और राज्य वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर–मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाएंगे।

प्राथमिकी

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री जीवेश कुमार के खिलाफ दरभंगा जिले के सिंघवाड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जीवेश कुमार पर एक यू–ट्यूबर के साथ मारपीट करने का आरोप है। पीड़ित युवक के साथ राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि यदि पीड़ित को न्याय नहीं मिलता है तो चक्का जाम किया जायेगा।

प्रदर्शन

बिहार पुलिस में सिपाही और दारोगा के पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का जत्था पटना कॉलेज से सीएम आवास के घेराव के लिए निकला था। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, वैशाली, सारण, समस्तीपुर और खगड़िया जिले में अधिक बारिश होगी। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी बारिश का पूर्वानुमान है।